भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बातचीत शुरू

राजदूत विनय मोहन क्वात्रा बोले : व्यापार समझौता निकट है

यूएस व्यापार प्रतिनिधि से लगातार संपर्क में भारत

निसार मिशन का जिक्र करते हुए बताया कि अंतरिक्ष सहयोग के क्षेत्र में भारत ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं.

नई दिल्ली/वाशिंगटन, 25 दिसंबर अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने संकेत दिया है कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही एक संतुलित और पारस्परिक लाभकारी ट्रेड डील होने वाली है. उन्होंने बताया कि व्यापार और शुल्क से जुड़े मुद्दों पर निरंतर संवाद जारी है.

इस साल फरवरी में प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा ने दोनों देशों के बीच संबंधों की मजबूत नींव रखी. क्वात्रा ने एक्सिओम-4 मिशन और निसार मिशन का जिक्र करते हुए बताया कि अंतरिक्ष सहयोग के क्षेत्र में भारत ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं.

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और एआइ सहित कई क्षेत्रों में दोनों देश सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं. राजदूत के अनुसार, ये पहल न सिर्फ व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देंगी, बल्कि द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को भी मजबूत करेंगी. अमेरिकी संचार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण को दोनों देशों के लिए बड़ी उपलब्धि बताया गया. क्वात्रा ने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले महीनों में व्यापार समझौते, अंतरिक्ष सहयोग और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में नई पहल की उम्मीद है.

> उनका उद्देश्य एक संतुलित और पारस्परिक लाभकारी ट्रेड डील को जल्द संभव बनाना है. क्वात्रा ने बताया कि फरवरी में प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों की मजबूत नींव रखी. उस यात्रा के दौरान कई क्षेत्रों में ठोस समझौते पर सहमति बनी, जिनमें अंतरिक्ष सहयोग प्रमुख रहा. क्वात्रा ने एक्सिओम-4 मिशन का उल्लेख किया, जिसमें भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुँचे. यह भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन था. इसके अलावा निसार मिशन को भी सफलतापूर्वक लांच और संचालन में लाया गया, जो भारत-यूएस अंतरिक्ष सहयोग की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण साबित हुआ. उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में लगभग सभी योजनाएं 10 महीने में पूरी हो गई हैं.राजदूत ने यह भी कहा कि व्यापार और निवेश के क्षेत्र में दोनों देश लगातार सक्रिय हैं. एआइ, डिजिटल टेक्नोलॉजी, रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों में साझेदारी को और सुदृढ़ किया जा रहा है.

संदीप बत्रा बने मुख्य मानव संसाधन अधिकारी

मुंबई. इस्पात, ऊर्जा और अन्य कारोबार में लगे प्रतिष्ठित जेएसडब्ल्यू समूह ने अपनी मानव संसाधन (एचआर) प्रबंधन टीम को और मजबूत बनाने के लिए संदीप बत्रा को प्रेसिडेंट एवं मुख्य मानव संसाधन अधिकारी बनाया है. कंपनी ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि बत्रा जेएसडब्ल्यू स्टील और कॉर्पोरेट विभाग में मानव संसाधन एवं प्रतिभा से जुड़ी कार्ययोजनाओं का नेतृत्व करेंगे. भारतीय सेना में कमीशंड ऑफिसर के रूप में काम कर चुके बत्रा को आईटी, उपभोक्ता, टेलीकॉम, रिटेल, इन्फ्रास्ट्रक्चर और एविएशन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभा प्रबंधन, संगठनात्मक डिजाइन और उत्पादकता वृद्धि के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है. वह इससे पहले अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के मानव संसाधन प्रभाग का नेतृत्व कर रहे थे.

लोकोमोटिव शेड साबरमती की अभिनव पहल

विकसित की इनोवेटिव वैक्यूम असिस्टेड ट्रैक क्लीनिंग डिवाइस

नई दिल्ली, 25 दिसंबर. भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत भारत को विनिर्माण, डिज़ाइन एवं नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाना तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत अनेक सुधार किए जा रहे हैं.

इसी क्रम में विकसित भारत की संकल्पना एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान को आगे बढ़ाते हुए पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद स्थित लोकोमोटिव शेड साबरमती ने नवाचार एवं स्वदेशी तकनीकी विकास के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. लोको शेड साबरमती की टीम द्वारा इन-हाउस रूप से एक वैक्यूम असिस्टेड ट्रैक क्लीनर (वीएटी क्लीनर) का सफलतापूर्वक डिज़ाइन एवं निर्माण किया गया है. यह उपकरण पर्यावरण अनुकूल एवं लागत प्रभावी है,यह इको-फ्रेंडली और किफायती डिवाइस (एच एच पी लोकोमोटिव के रेडिएटर फैन का इस्तेमाल करके इन-हाउस बनाया गया है, जिसे एक डीज़ल वर्किंग ट्रॉली पर वर्टिकली लगाया गया है और यह लोकोमोटिव से ही पावर लेता है. रेडिएटर फैन चैंबर एक खास डिज़ाइन किए गए कचरा इकट्ठा करने वाले चैंबर से जुड़ा है, जिससे रेलवे ट्रैक और आस-पास के क्षेत्र से कचरा प्रभावी ढंग से हटाया जा सकता है. 1000 से 1800 आरपीएम की उच्च गति पर कार्य करने वाला यह उपकरण प्रभावी सक्शन प्रदान करता है. वैट क्लीनर के संचालन हेतु ड्राइवर डेस्क पर ऑन/ऑफ एवं वैरिएबल स्पीड कंट्रोल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे ड्राइवर अपनी सीट से ही सक्शन क्षमता को नियंत्रित कर सकता है.

भारत में अर्थव्यवस्था की बढ़ी रफ्तार

राउंडअप 2025

साल 2025 भारत की अर्थव्यवस्था के लिए निवेश और बाजार के लिहाज से खास रहा. वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने रिकॉर्ड 81 अरब डॉलर से ज्यादा का विदेशी प्रत्यक्ष निवेश आकर्षित किया, जिसमें सर्विस सेक्टर निवेशकों की पहली पसंद बना. वहीं सरकार ने औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन और कनेक्टिविटी को गति देने के लिए अनुपूरक बजट में बड़ा प्रावधान किया. शेयर बाजार में भी ज्यादातर बड़े बिजनेस ग्रुप्स ने सकारात्मक रिटर्न दिया, जहां भारती और रिलायंस जैसे समूहों ने बढ़त बनाई. ये आंकड़े बताते हैं कि भारत निवेश, उद्योग और बाजार—तीनों मोर्चों पर मजबूती की ओर बढ़ रहा है.

वित्त वर्ष 2024-25 (एफवाई - 2525) भारत के लिए विदेशी निवेश के लिहाज से भरोसे और मजबूती का साल साबित हुआ. इस दौरान भारत को कुल करीब 81.04 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला, जो पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग 14त्न अधिक है. यह बढ़ोतरी इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वैश्विक निवेशक भारत की आर्थिक स्थिरता, सुधारोन्मुख नीतियों और इज ऑफ डूइंग बिजनेस जैसे कदमों पर भरोसा बनाए हुए हैं. एफवाई -25 में सबसे ज्यादा एफडीआई सर्विस सेक्टर में आया, जहां निवेश बढ़कर 9.35 अरब डॉलर पहुंच गया. डिजिटलाइजेशन, फाइनेंशियल सर्विसेज, आईटी और आउटसोर्सिंग ने भारत को निवेशकों की पहली पसंद बनाया. इसके साथ ही कंप्यूटर सॉफ्टवेयर-हार्डवेयर और ट्रेडिंग सेक्टर में भी मजबूत निवेश देखने को मिला. खास बात यह रही कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 18त्न की बढ़त दर्ज हुई, जो मेक इन इंडिया और पीएलआई योजनाओं के असर को दर्शाती है. कुल मिलाकरएफवाई-25 ने भारत को एक मजबूत, डिजिटल और भरोसेमंद निवेश गंतव्य के रूप में और स्थापित किया.

वंही, उत्तर प्रदेश सरकार ने औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन और कनेक्टिविटी को रफ्तार देने के लिए अनुपूरक बजट 2025-26 में बड़ा दांव खेला है. औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि इस बार के अनुपूरक बजट में सबसे अधिक फोकस उद्योगों के विस्तार और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर किया गया है. कुल 24,496.98 करोड़ रुपये के बजट में औद्योगिक विकास विभाग के लिए 4,874.21 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है. नंदी के मुताबिक, निवेश प्रोत्साहन नीतियों, एफडीआई आकर्षण और रोजगार सृजन योजनाओं के जरिए उत्तर प्रदेश को निवेश का प्रमुख केंद्र बनाया जा रहा है. बजट में जेवर एयरपोर्ट, गंगा एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे जैसी परियोजनाओं के लिए भारी राशि आवंटित की गई है, जिससे कनेक्टिविटी मजबूत होगी. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से देश का ग्रोथ इंजन और वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा है.

> वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने कुल 81.04 अरब डॉलर का एफडीआई आकर्षित कर निवेशकों का भरोसा जताया. सर्विस सेक्टर में सबसे अधिक 19त्न निवेश गया, जबकि कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और ट्रेडिंग सेक्टर में भी विदेशी निवेश बढ़ा. मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 18त्न की वृद्धि ने 'मेक इन इंडिया' की प्रगति दर्शाई. इसी दौरान, उत्तर प्रदेश ने अनुपूरक बजट में औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए कुल 4,874.21 करोड़ रुपये का प्रावधान किया. जेवर एयरपोर्ट से गंगा एक्सप्रेसवे तक और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए भी बजट आवंटित किया गया. साल 2025 में देश के टॉप 10 बिजनेस ग्रुप्स में से 8 ने पॉजिटिव रिटर्न दिए. भारती ग्रुप की कंपनियों का कुल मार्केट कैप 30त्न बढ़ा, जबकि रिलायंस, आदित्य बिड़ला और बजाज ग्रुप ने भी शानदार प्रदर्शन किया. इसके विपरीत, टाटा और ढ्ढञ्जष्ट ग्रुप को नुकसान झेलना पड़ा. यह संकेत देता है कि भारत में निवेश और आर्थिक विकास की दिशा मजबूत बनी हुई है.

एक साल में सेंसेक्स ने दिया नौ फीसदी रिटर्न

स्मॉलकैप के निवेशकों को नुकसान

नई दिल्ली, 25 दिसंबर. छोटी कंपनियों में निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा. निफ्टी-50 साल के दौरान 10.56 प्रतिशत चढ़कर 26,142.10 अंक पर बंद हुआ, वहीं बीएसई सेंसेक्स ने 9.30 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की. मिडकैप सूचकांक मामूली वृद्धि के साथ बंद हुआ, लेकिन स्मॉलकैप सूचकांक में गिरावट रही.

निवेशकों की भागीदारी बढ़ी और कुल बाजार पूंजीकरण 469 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा. साल 2025 शेयर बाजार के लिए मिश्रित परफॉर्मेंस लेकर आया. बड़े और मजबूत कंपनियों में निवेश करने वाले निवेशकों को सेंसेक्स और निफ्टी से अच्छा रिटर्न मिला, जबकि छोटी कंपनियों में निवेशकों को नुकसान का सामना करना पड़ा. निफ्टी-50 साल के दौरान 2,497.30 अंक यानी 10.56प्रतिशत बढ़कर 26, 142.10 अंक पर बंद हुआ. बीएसई सेंसेक्स ने भी 7,269.69 अंक यानी 9.30प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की.

> साल के दौरान एनएसई का कुल बाजार पूंजीकरण 469 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ गया, जो जीडीपी का 136प्रतिशत है. इक्विटी, डेट और बिजनेस ट्रस्ट के माध्यम से कुल 19.17 लाख करोड़ रुपये का फंड जुटाया गया. एनएसई में आईपीओ की संख्या में भी बढ़ोतरी रही. साल 2025 में 101 मेनबोर्ड आईपीओ के जरिए 1.71 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए, जबकि 112 छोटी और मझौली कंपनियों के आईपीओ से 5,589 करोड़ रुपये जुटे. घरेलू निवेशकों की संख्या 1.5 करोड़ बढ़कर 12.4 करोड़ हो गई. इक्विटी डेरिवेटिव कारोबार में एनएसई ने दुनिया में पहला स्थान बनाए रखा. साल 2025 में पहली बार एनएसई आईएक्स ने एक लाख करोड़ डॉलर का टर्नओवर पार किया और यह 1,106 अरब डॉलर तक पहुंचा. बाजार में घरेलू संपत्ति में पिछले पांच साल में लगभग 53 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है, जिससे निवेशकों और इकॉनमी के लिए स्थिर और सकारात्मक संकेत मिले हैं.

भारत ने चीन, वियतनाम के एक-एक उत्पादों पर लगाया डंपिंग रोधी शुल्क

नई दिल्ली, 25 दिसंबर. भारत ने चीन और वियतनाम के एक-एक उत्पादों पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाया है. वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग ने इस संबंध में बुधवार को अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी कीं.

पहली अधिसूचना में कहा गया है कि वियतनाम से बड़ी मात्रा में सामान्य से कम मूल्य पर कैल्शियम कार्बोनेट फिलर मास्टरबैच का भारत को निर्यात किया जाता है. इस कारण भारतीय उद्योगों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए डंपिंग रोधी शुल्क लगाने का फैसला किया गया है. कैल्शियम कार्बोनेट फिलर मास्टरबैच का उपयोग प्लास्टिक उद्योग में किया जाता है. मूल रूप से वियतनाम में उत्पादित या वियतनाम से निर्यात किये गये . इस उत्पाद पर 75 डॉलर प्रति टन तक का शुल्क लगाया गया है. वियतनाम की जिन सात कंपनियों के नाम अधिसूचना में हैं उनके लिए 31.58 डॉलर से 39.25 डॉलर तक का डंपिंग प्रतिरोधी शुल्क लगाया गया है. अन्य सभी मामलों में 75 डॉलर प्रति टन का शुल्क देय होगा. वहीं, रेफ्रीजरेटरों और कारों के कूलिंग सिस्टम में इस्तेमाल होने वाली और चीन से आयातित गैस 1,1,1,2-टेट्राफ्लोरोएथेन या आर-134ए पर भी डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की घोषणा की गई है. इस मामले में चीन की छह कंपनियों में बने उत्पादों पर 4,583 डॉलर प्रति टन तक का शुल्क लगाया गया है. चीन की अन्य कंपनियों में बने उत्पादों और चीन के बाहर बने लेकिन चीन से निर्यात किये गये उत्पादों पर 5,251 डॉलर प्रति टन का डंपिंग रोधी शुल्क लगेगा.

2026 में भारत लौटेंगे विदेशी निवेशक

बैंकिंग-एनबीएफसी सेक्टर बनेगा फोकस

वित्त वर्ष 2027 में मुनाफा बढ़ने के संकेत

नई दिल्ली, 25 दिसंबर. भारतीय शेयर बाजार के लिए साल 2026 उम्मीदों से भरा नजर आ रहा है. एचएसबीसी म्यूचुअल फंड की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, बेहतर आय वृद्धि और अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते के चलते विदेशी संस्थागत निवेशक एक बार फिर भारत की ओर रुख कर सकते हैं.

रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा वैल्यूएशन निवेश के लिहाज से आकर्षक हैं और खासतौर पर बैंकिंग व एनबीएफसी सेक्टर में आने वाले समय में तेज़ी देखने को मिल सकती है. एचएसबीसी म्यूचुअल फंड की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 में भारतीय शेयर बाजार का आउटलुक सकारात्मक बना हुआ है. निफ्टी का प्राइस-अर्निंग्स रेश्यो 20.5 गुना है, जो पिछले पांच वर्षों के औसत के बराबर और दस वर्षों के औसत से थोड़ा अधिक है. इसका संकेत है कि मौजूदा स्तरों पर निवेश के अवसर मौजूद हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2026 की सुस्त स्थिति के बाद वित्त वर्ष 2027 में निजी बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार होगा, जिससे उनकी कमाई में मध्यम लेकिन स्थिर वृद्धि देखने को मिल सकती है.

महाजंगलराज का जुमला कितना चलेगा

कोलकाता. ऐसा लग रहा है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा किसी बड़े नैरेटिव और नारे की तलाश में है. अभी तक उसे कोई एक सेंट्रल नैरेटिव और एक मुख्य नारा नहीं मिल पाया है. अब प्रधानमंत्री महाजंगलराज का नारा आजमा रहे हैं.

उन्होंने शनिवार, 20 दिसंबर को पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव प्रचार का आगाज किया तो रानाघाटा की सभा को वर्चुअल तरीके से संबोधित करते हुए महाजंगलराज का जुमला बोला. उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में महाजंगलराज को समाप्त करना है.

पश्चिम मध्य रेल

ई निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिये कार्य करते हुये निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित करते है। इन टेन्डर्स के तहत मैनुअल प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे एवं ऐसे प्राप्त कोई भी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा से संबंधित दस्तावेज वेबसाइट www.irspa.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। **निविदा सूचना एवं क्रमांक :** बीपीएलएनवर्क्स 2025-26 सिगनल 13, **कार्य का नाम :** सिग्नलिंग एंड टेलीकॉम वर्क इन्वोल्विंग EI अल्टरेशन एंड अदर मिसलेनियस वर्क्स इन कनेक्शन विथ ROB/रिगर्डरिंग ऑफ भोपाल डिवीजन , **कार्य की अनुमानित लागत :** 1,15,40,707.54, **निविदा फार्म की कीमत** (non refundable) : लागू नहीं, **जमा की जाने वाली बयाना राशी :** 2,07,700.00, **कार्य समापन की अवधी :** 06 माह, **निविदा जमा करने एवं खोलने की दिनांक एवं समय :** दिनाक 14/01/2026 को 15.00 बजे तक दिनांक 14/01/2026 को 15.30 बजे, **निविदा सूचना एवं क्रमांक :** बीपीएलएनवर्क्स 2025-26 सिगनल 14, **कार्य का नाम :** BPL Div: प्रोविजन ऑफ फायर अलार्म सिस्टम एट वेरियस लोकेशन i.e. स्टेशन/LC/IBH/RH अलोंग विथ CAMC अक्रॉस भोपाल डिवीजन, **कार्य की अनुमानित लागत :** 6,14,32,295.16, **निविदा फार्म की कीमत** (non refundable) : लागू नहीं, **जमा की जाने वाली बयाना राशी :** 4,57,200.00, **कार्य समापन की अवधी :** 12 माह, **निविदा जमा करने एवं खोलने की दिनांक एवं समय :** दिनाक 16/01/2026 को 15.00 बजे तक दिनांक 16/01/2026 को 15.30 बजे। निविदाकर्ता/बिडर्स के पास क्लास III डीजीटल सिंगनेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बिडर्स ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग के दौरान ही सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज की कीमत, बयाना राशि आदि का भुगतान ऑनलाइन मल्टीपल नेटबैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड द्वारा किया जा सकता है।

कृते मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

दिल्ली की सियासत में एक बार फिर चिट्ठी युद्ध

नई दिल्ली. दिल्ली की सियासत में एक बार फिर चिट्ठी युद्ध की आग भड़क उठी है. इस बार यह लड़ाई पहले से कहीं ज्यादा तीखी और निजी हमलों से भरी नजर आ रही है. उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को एक 15 पन्नों का पत्र लिखा है, जिसमें न केवल उन्होंने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के लिए केजरीवाल की सरकार को जिम्मेदार ठहराया है, बल्कि कई चौंकाने वाले खुलासे भी किए हैं.

पत्र में उपराज्यपाल ने सीधे तौर पर कहा है कि दिल्ली में वर्तमान में इमरजेंसी जैसी स्थिति उत्पन्न होने के लिए केजरीवाल की सरकार की 11 साल की उपेक्षा और आपराधिक निष्क्रियता जिम्मेदार है. पत्र में आरोप लगाया कि केजरीवाल और उनकी सरकार ने दिल्ली की जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ किया और चुनाव हारने के बाद संवाद के सभी रास्ते बंद कर दिए.

एक और निजी आरोप के तहत एलजी ने कहा कि चुनाव हारने के बाद केजरीवाल ने उनका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया. उन्होंने बताया कि दीपावली की शुभकामनाएं देने के लिए उन्होंने कॉल किया, लेकिन यह पता चला कि केजरीवाल ने उनका नंबर ब्लॉक कर रखा था.

पत्र के बड़े खुलासे

वीके सक्सेना ने पत्र में लिखा कि जब वे मुख्यमंत्री थे और एलजी ने उनसे प्रदूषण की समस्या पर चर्चा की, तो केजरीवाल ने इसे केवल 15-20 दिनों का हंगामा बताते हुए हल्का फुल्का करार दिया. एलजी ने दावा किया कि केजरीवाल के इस रवैये के कारण मीडिया और एनजीओ वाले इस मुद्दे को भूल जाते थे. इसके अलावा, उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की वर्तमान स्थिति के लिए केवल और केवल केजरीवाल ही जिम्मेदार हैं. उन्होंने लिखा कि अगर पिछले 11 वर्षों में सरकार ने सही काम किया होता, तो आज दिल्ली इस स्तर के प्रदूषण से ग्रस्त न होती. एलजी ने यह भी आरोप लगाया कि केजरीवाल केवल बड़ी-बड़ी घोषणाएं करते थे, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं करते थे. उन्होंने कहा, आप सबको हमेशा मूर्ख नहीं बना सकते. आपके साथ भी यही हुआ. दिल्ली की जनता ने आपको हराया दिया.

आधी रात से प्रभावी हो जाएंगे बढ़े हुए रेल किराये

नयी दिल्ली 25 दिसंबर. रेल टिकट की संशोधित दरें गुरुवार आधी रात के बाद प्रभावी हो रही हैं जिनके अंतर्गत 215 किलोमीटर से ज्यादा दूरी का सफर प्रति किलो मीटर एक से दो पैसे महंगा हो जाएगा।

रेलवे को किरायों में इस वृद्धि से सालाना 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आमदनी होने का अनुमान है। भारती रेलव के यात्री विपणन प्रभाग के निदेशक प्रवीण कुमार की ओर से गुरुवार को इस संबंध में रेलवे के सभी जोन को परिपत्र भेज दिये गये हैं। नोटिस में कहा गया है कि वास्तविक संशोधित किराये वस्तु एवं सेवा कर के संबंध में पूर्व में जारी निर्देशों के अनुसार प्रभावी होंगे। नोटिस में कहा है कि यदि किसी यात्री ने किराया बढ़ोतरी का निर्णय घोषित होने की तिथि (21 दिसंबर) से पहले टिकट खरीद लिया है, तो उससे अतिरिक्त राशि नहीं वसूली जाएगी। रेलवे ने कहा है कि शुक्रवार से सभी स्टेशन पर टिकटों की नयी दरों के प्रभावी होने के संबंध में सूचना प्रसारित होगी। यात्रियों के टिकट के दरों में हुए बदलाव और ज़रूरी निर्देश देने के लिए स्टेशन पर विशेष व्यवस्था की जाएगी।

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL-HFL) के कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय- ग्राउंड फ्लोर, जी.के. टॉवर, मेन रोड गोपालगंज, सागर-470001 में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के अंतर्गत बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री। जबकि IIFL-HFL के प्राधिकृत अधिकारी ('AO') ने निम्नलिखित ऋण खातों/संभावना संख्याओं में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का कब्जा ले लिया था. आईआईएफएल-एचएफएल के बकाये की वसूली के लिए 'जहां है जैसा है, जो है जैसा है तथा बिना किसी सहारे के आधार पर' इसे बेचने के अधिकार के साथ, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी मंच के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी.

देनदार/सहदेनदार/गारंटर का नाम	डिमांड नोटिस की तिथि व राशि	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण	प्रतीकात्मक कब्जा तिथि	रिजर्व मूल्य
श्री गरीबदास अहिरवार श्रीमती गिरजा अहिरवार (प्रॉस्पेक्ट नं. 979033)	8-8-2024 रु.234676/- (रु.दो लाख चौंतीस हजार छह सौ छिहत्तर मात्र) बिड वृद्धि राशि रु.20,000/- (रु.बीस हजार मात्र)	संपत्ति का वह भाग पटवारी हल्का संख्या 88, खसरा संख्या 1153 साईखेड़ा, सागर, मध्यप्रदेश, भारत, 470002 भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र 450.00, 386.00.	30-6-2025 कुल बकाया राशि 8-12-2025 को रु. 459230.04/- (रु.चार लाख उनसठ हजार दो सौ तीस और पैसा चार मात्र)	रु.382000/- (रु.तीन लाख बयासी हजार मात्र) बयाना जमा राशि (ईएमडी) रु.38200/- (रु.अड़तीस हजार दो सौ मात्र)

प्रॉपर्टी निरीक्षण दिनांक	ईएमडी की अंतिम दिनांक	ई-नीलामी दिनांक/समय
7/1/2026 11.00-14.00 बजे	9/1/2026 के 5.00 बजे तक	12/1/2026 11.00 से 13.00 बजे

भुगतान का तरीका- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जाना है. भुगतान करने के लिए आपको https-//www.ifionehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा.
नोट- प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग-अलग है. सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं.
शेष भुगतान के लिए - https-//www.iiflonehome.com ›मेरी बोली ›शेष राशि का भुगतान करें पर लॉग इन करें.

नियम एवं शर्तें:-

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https-//www. iiflonehome.com के पास अपना विवरण पहले से पंजीकृत करना होगा तथा लॉगिन खाता, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा. इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त शाखा कार्यालय में ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी की प्रति तथा पैन कार्ड के साथ अपना 'निविदा प्रपत्र' जमा/भेजना होगा.
2. बोलीदाताओं को 'बोली वृद्धि राशि' कॉलम के अंतर्गत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपनी पेशकश में सुधार करना होगा. यदि बोली नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में लगाई जाती है, तो समापन समय स्वत: ही 5 मिनट के लिए बढ़ जाएगा.
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर तथा बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा. सभी जमा और भुगतान निर्धारित भुगतान विधि से किए जाएंगे.
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टाम्प शुल्क, फीस और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित प्रभारों का भुगतान करना होगा.
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेन-देन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन का भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के साथ टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा.
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोलियाँ जमा करने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र की विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट https-//www.iiflonehome.com और https-//www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें.
7. ई-नीलामी पर विस्तृत जानकारी, सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ईमेल आईडी : care@iiflonehome.com, सहायता हेल्पलाइन नंबर : @1800 2672 499 पर संपर्क कर सकते हैं.
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, सोमवार से शुक्रवार के बीच 09:30 बजे से 18:00 बजे तक IIFL HFL टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल करें : care@iiflonehome.com
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जे में लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को इकट्ठा करें, अन्यथा IIFL-HFL परिस्थितियों में संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.
10. इसके अलावा उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त सामान इकट्ठा करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा.
11. यदि सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की जाती है, तो बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी तथा संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा.
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है. निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तिथि से पहले ऊपर उल्लिखित राशि के साथ-साथ अद्यतित ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और यदि कोई बकाया है तो उसे ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा.

स्थान- भोपाल, दिनांक- 26/12/2025 **एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड**

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL HFL) के कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) और शाखा कार्यालय, नानखेड़ी मंडी रोड, एसबीआई बैंक के पास, गुना-473001 में गिरवी रखी अचल संपत्ति की बिक्री, प्रतिभूतिकरण और वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद "अधिनियम") के तहत की गई है। जबकि IIFL-HFL के अधिकृत अधिकारी ("AO") ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित ऋण खातों/संभावित खातों में निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों पर कब्जा कर लिया था। इसे "जैसा है, जहां है, जैसा है और बिना किसी अधिकार के" बेचने के अधिकार के साथ। IIFL-HFL के बकाया की वसूली के लिए, यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट www.iiflonehome.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर	मांग सूचना दिनांक और राशि	अचल संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण	भौतिक कब्जे की तिथि	आरक्षित मूल्य
श्री राम निवास मीना श्रीमती गिरराज बाई मीना राम निवास मीना (प्रोस्पेक्ट नं.- IL10389558)	18/01/2024 रू. 390667/- (तीन लाख नब्बे हजार छह सौ सड़सठ मात्र) बोली वृद्धि राशि रु. 20,000/- (बीस हजार मात्र)	संपत्ति का वह भाग, जो इस प्रकार है: मकान संख्या 44, खसरा संख्या 27, ग्राम चांदपुरा, तहसील कुंभराज, जिला गुना, मध्य प्रदेश, भारत, 473222 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति प्रकार: भूमिक्षेत्रफल, कालीनक्षेत्रफल, निर्मितक्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 750.00, 480.00, 600.00	16/06/2025 दिनांक 08/12/2025 तक कुल बकाया राशि रु. 604217.67/- (छह लाख चार हजार दो सौ सत्रह और सड़सठ पैसे मात्र)	रू. 493000/- (चार लाख तिरानवे हजार मात्र) बयाना राशि जमा (ईएमडी) रू. 49300/- (उनचास हजार तीन सौ मात्र)

संपत्ति के निरीक्षण की तिथि	ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	ई-नीलामी की तिथि/समय
16/01/2026 11:00 बजे - 14:00 बजे	19/01/2026 शाम 5 बजे तक।	21/01/2026 11:00 बजे से 13:00 बजे तक

भुगतान विधि:- अग्रिम राशि का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जाना है। भुगतान करने के लिए आपको https://www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा।
नोट: प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग-अलग है। सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष भुगतान के लिए - लॉग इन करें। https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance पर भुगतान करें

नियम एवं शर्तें:-

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com पर अपना विवरण पहले से पंजीकृत कराना होगा और लॉगिन खाता, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना "निविदा प्रपत्र" अग्रिम जमा राशि के भुगतान विवरण, केवाईसी की प्रति और पैन कार्ड के साथ उपरोक्त शाखा कार्यालय में जमा/भेजना होगा।
2. बोलीदाताओं को "बोली वृद्धि राशि" कॉलम में उल्लिखित राशि के गुणज में अपनी बोली में सुधार करना होगा। यदि बोली नीलामी समाप्ति समय के अंतिम 5 मिनट में लगाई जाती है, तो समाप्ति समय स्वतः ही 5 मिनट के लिए बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार किए जाने के 24 घंटे के भीतर बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) और सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर बोली राशि का शेष 75% जमा करना होगा। सभी जमा और भुगतान निर्धारित भुगतान विधि से होंगे।
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टाम्प शुल्क, फीस और अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित अन्य सभी आकस्मिक लागतें, शुल्क वहन करने होंगे।
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेन-देन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन देना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के पास टीडीएस प्रमाणपत्र जमा करना होगा।
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोलियाँ जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों और नीलामी आवेदन पत्र के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें।
7. ई-नीलामी संबंधी विस्तृत जानकारी, सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ईमेल आईडी care@iiflonehome.com, सहायता हेल्पलाइन नंबर 1800 2672 499 पर संपर्क कर सकते हैं।
8. संपत्ति विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, सोमवार से शुक्रवार के बीच सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक IIFL HFL के टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल care@iiflonehome.com पर लिखें।
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे भौतिक कब्जा लेते समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को 7 दिनों के भीतर एकत्र कर लें, अन्यथा IIFL-HFL परिस्थितियों में संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अतिरिक्त, ऋणी/ऋणियों को सूचित किया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुएँ प्राप्त करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें कानून के अनुसार बेच दिया जाएगा।
11. यदि सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर किसी भी स्तर पर भुगतान में चूक की जाती है, तो बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द या परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 उपनियम (1) के तहत 15 दिन की बिक्री सूचना।

ऋणी को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निविदा/नीलामी की तिथि से पूर्व उपर्युक्त राशि, अद्यतन ब्याज और सहायक व्ययों सहित अदा करें। ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया राशि होगी तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।

स्थान:- गुना, दिनांक: 26.12.2025 **एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड।**